PTCUL

# पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांकः 597 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / एच–5 दिनांक 02.05.2022

## विज्ञप्ति

परिचालकीय कर्मचारी वर्ग सेवा नियमावली–1995 (यथासंशोधित) में निहित प्राविधानों के अंतर्गत पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 में कार्यरत श्रेणी (प–2) कुशल श्रमिक / (प–1) श्रमिक में कार्यरत कर्मचारियों से तकनीशियन ग्रेड–द्वितीय (विद्युत / लाईन) प–4 श्रेणी के पदों पर पदोन्नति हेतु आवेदन पत्र निम्नानुसार आमंत्रित किये जाते हैं:–

**क–** तकनीशियन ग्रेड–2 (विद्युत) के कुल 41 पद जो घट / बढ़ सकते हैं।

**ख–** तकनीशियन ग्रेड–2 (लाईन) के कुल पद 24 पद जो घट / बढ़ सकते है।

**अर्हता एवं शर्ते–**

**क– तकनीशियन ग्रेड–2 (विद्युत)**

- माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 / उत्तराखण्ड की हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा, विज्ञान एवं गणित विषय के साथ उत्तीर्ण की हो तथा विद्युत ट्रेड में अखिल भारतीय / राज्य व्यवसायिक प्रमाण पत्र एवं दो वर्ष का अनुभव पूर्ण करते हों अथवा
- हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा श्रेणी (प–2) कुशल श्रमिक / (प–1) श्रमिक में 07 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो।

**चयन प्रक्रियाः–** प–2 / प–1 में कार्यरत कार्मिकों के ज्येष्ठता एवं साक्षात्कार के आधार पर।

**ख– तकनीशियन ग्रेड–2 (लाईन)**

- कार्मिक देवनागरी लिपि पढ़ना / लिखना जानता हो।
- श्रेणी (प–2) कुशल श्रमिक के पद पर 10 वर्ष अथवा (प–2) कुशल श्रमिक / (प–1) श्रमिक पद पर 14 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा लाईनों पर कार्य का अनुभव हो।

**चयन प्रक्रिया–** देवनागरी लिपि का ज्ञान एवं ट्रेड टेस्ट (टावर पर चढ़ने) का ज्ञान।

उपरोक्त पदों पर आवेदन करने के सम्बन्ध में निर्धारित सेवा की गणना हेतु संज्ञान में लाना है कि उत्तराखण्ड शासन के आदेश संख्या 385 / XXX(2)/2021-3(6)2012 दिनांक 09.11.2021 के क्रम में कारपोरेशन आदेश सं0 289 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / पी–8 दिनांक 16.02.2022 के द्वारा पदोन्नति हेतु अर्हकारी सेवावधि में 50% की शिथिलता प्रदान की जायेगी, जो कि वर्तमान चयन वर्ष (01 जुलाई, 2021 से 30 जून, 2022 तक) के लिए अनुमन्य होगी।

उक्त पदों पर पदोन्नति हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करने वाले कार्मिक अपना आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप पर पूर्ण रूप से भरकर तथा आवेदन पत्र पर एक फोटो चिपकाकर उसे नियंत्रक अधिकारी से सत्यापित कराने के उपरान्त सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता / नियन्त्रक अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता / नियन्त्रक अधिकारी का दायित्व होगा कि वह कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्रों को मूल सेवा अभिलेखों से जाँच करने के उपरान्त अपनी संस्तुति सहित विलम्बतः दिनांक 17.05.2022 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नही किया जायेगा।

प्रबन्ध निदेशक

क्रमशः................2

पत्रांक 597 /मा0सं0एवंप्र0अनु0/पिटकुल/एच–5 तदिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सहायक–निदेशक (मा0सं0), पिटकुल को निदेशक (मा0सं0) महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. समस्त मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना से अपने अधीन कार्यरत समस्त परिचालकीय वर्ग के श्रेणी प–2/प–1 के कर्मचारियों को अवगत करा दे तथा अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों को नियंत्रक अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता द्वारा जाँच के उपरान्त मानव संसाधन कार्यालय, पिटकुल, देहरादून में पत्रवाहक के माध्यम से इस प्रकार भेजा जाये कि इस कार्यालय में विलम्बतः दिनांक 17.05.2022 तक अवश्य प्राप्त हो जायें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिये जायेंगे।
3. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि इस पत्र को संलग्नकों सहित कारपोरेशन की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
4. कट फाईल।

**संलग्नकः– आवेदन पत्र का प्रारूप।**

(पंकज कुमार)
उपमहाप्रबन्धक (अधि0) (अति0कार्य0)

# तकनीशियन ग्रेड–द्वितीय (विद्युत/लाईन) के पद पर पदोन्नति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| |
|---|
| हाल ही में खिंचा हुआ पासपोर्ट आकार का प्रमाणित फोटो चिपकाएं |

1. नाम ------------------------------------
2. पिता का नाम ------------------------------------
3. पदनाम ------------------------------------
4. पता ------------------------------------
   ------------------------------------
   ------------------------------------
5. वर्तमान श्रेणी/पद पर नियुक्ति की तिथि ------------------------------------
6. विभाग में प्रथम नियुक्ति की तिथि एवं पद ------------------------------------
7. जन्म तिथि ------------------------------------
8. क्या सदस्य है
   (1) अनुसूचित जाति ------------------------------------हां/नहीं
   (2) अनुसूचित जनजाति ------------------------------------हां/नहीं
   (3) पिछड़ी जाति ------------------------------------हां/नहीं
9. योग्यता
   (1) शैक्षिक ------------------------------------
   (2) तकनीकी ------------------------------------
10. क्या कोई प्रशिक्षण/रिफ्रेशर कोर्स प्राप्त किया है– हां/नही ------------------------------------
    (यदि हां तो प्रमाण–पत्र की प्रतिलिपि संलग्न करें)
11. खेल तथा अन्य पाठ्येत्तर कार्यक्रम ------------------------------------
12. अनुभव ------------------------------------
13. विशेष उपलब्धि यदि कोई हो ------------------------------------
14. किस पद के लिए अभ्यर्थी है ------------------------------------

दिनांक: ----------------

स्थान: ----------------

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

उप–खण्ड अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता द्वारा सत्यापन

1. उपरोक्त बिन्दु 10 तथा 11 पर दिये विवरण के सम्बन्ध में आख्या ------------------------------------
2. अभ्यर्थी के कार्य, व्यवहार तथा अनुशासन के सम्बन्ध में सामान्य आख्या ------------------------------------
3. क्या जिस पद पर प्रोन्नति के लिये आवेदन किया है उसके लिए योग्य/अयोग्य है ------------------------------------

**प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त विवरणों की जांच कर्मचारी की सेवापुस्तिका से कर ली गयी है, जो कि पूर्णतः सत्य है। उक्त कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही/जांच नहीं चल रही है।**

उपखण्ड अधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर

अधिकारी का नाम ------------------------

कार्यालय का नाम ------------------------

------------------------------------

अधिशासी अभियन्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर

अधिकारी का नाम ------------------------

कार्यालय का नाम ------------------------

------------------------------------